Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 06 नवंबर, 2021

इन्फ्लेटेबल मिसाइल डिटेक्शन सिस्टम

हाल ही में इज़राइल ने अत्यधिक ऊँचाई पर मौजूद खतरों का पता लगाने हेतु डिज़ाइन की गई एक विशाल 'इन्फ्लेटेबल मिसाइल डिटेक्शन सिस्टम' का परीक्षण शुरू कर दिया है। इज़राइल के रक्षा मंत्रालय के अनुसार, विशालकाय 'ब्लिंप' के आकार का यह सिस्टम अपनी तरह का पहला सिस्टम है। इसे राज्य के स्वामित्व वाली 'इज़राइल एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज़' की सहायक कंपनी और यू.एस. एयरोस्टेट निर्माता 'TCOM' के सहयोग से विकसित किया गया है। गौरतलब है कि इज़राइल के पास पहले से ही एक परिष्कृत मिसाइल रक्षा प्रणाली मौजूद है, जिसका उपयोग इस वर्ष 11-दिवसीय गाजा युद्ध के दौरान सफलतापूर्वक किया गया था। गाज़ा के उग्रवादी हमास शासकों से संभावित खतरों का मुकाबला करने के लिये इज़राइल ने हाल के वर्षों में आक्रामक रूप से अपनी सैन्य क्षमता में वृद्धि की है और वर्तमान में इज़राइल के पास विश्व के सभी बड़े शहरों पर हमला करने की क्षमता है। गाजा युद्ध के दौरान इज़रायल की आयरन डोम रक्षा प्रणाली ने महत्त्वपूर्ण कार्य किया था।

राहुल द्रविड़

भारतीय क्रिकेट टीम के विश्व प्रसिद्ध खिलाड़ी राहुल द्रविड़ को भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। नियुक्ति की पुष्टि करते हुए 'भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड' (BCCI) ने कहा कि राहुल द्रविड़ न्यूज़ीलैंड के खिलाफ 17 नवंबर से शुरू होने वाली द्विपक्षीय शृंखला से टीम की कमान संभालेंगे। ज्ञात हो कि राहुल द्रविड़ भारतीय टीम के मुख्य कोच के रूप में रवि शास्त्री का स्थान लेंगे। राहुल द्रविड़ इससे पूर्व बंगलूरू में 'राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी' (NCA) के प्रमुख थे और उन्होंने भारत की अंडर-19 टीम के कोच के रूप में भी कार्य किया है। गौरतलब है कि राहुल द्रविड़ ने अपने अंतर्राष्ट्रीय कॅरियर की शुरुआत वर्ष 1996 में श्रीलंका के विरुद्ध खेलते हुए की थी। राहुल द्रविड़ ने भारत की ओर से 164 टेस्ट मैच और 344 एकदिवसीय मैच खेले, जिसमें उन्होंने क्रमशः 13288 और 10889 रन बनाए। इसके अलावा उन्होंने भारत की ओर से केवल ही टी20 मैच खेला।

ड्वेन ब्रावो

वेस्टइंडीज़ के ऑलराउंडर ड्वेन ब्रावो ने हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय टी20 विश्व कप के बाद अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की है। 07 अक्तूबर, 1983 को त्रिनिदाद में जन्मे ड्वेन ब्रावो ने अपने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट कॅरियर की शुरुआत वर्ष 2004 में इंग्लैंड के विरुद्ध एकदिवसीय मैच में की थी। ड्वेन ब्रावो ने वेस्टइंडीज़ के लिये 40 टेस्ट मैच, 164 एकदिवसीय मैच और 90 टी20 मैच खेले, जिसमें उन्होंने क्रमशः 2200, 2968 और 1245 रन बनाए। उन्होंने गेंदबाज़ी में भी महत्त्वपूर्ण कार्य किया और डेथ ओवरों में उन्हें काफी प्रभावी माना जाता है। ज्ञात हो कि ड्वेन ब्रावो वेस्टइंडीज़ की उस टीम का हिस्सा थे, जिसने वर्ष 2012 और वर्ष 2016 में टी20 विश्व कप जीता था। इसके अलावा उन्होंने इंडियन प्रीमियर लीग में मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स के लिये खेला है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-05-november-2021-1